पाठ 2. बालक चंद्रगुप्त

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में समस्या के समाधान की क्षमता संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान से सकारात्मक रूप से निपटने की क्षमता विकसित कर सकें। चंद्रगुप्त मौर्य और उसके गुरु चाणक्य की बुद्धिमता और वीरता को लेकर अनेक कहानियाँ लिखी-कही-सुनी गई हैं। उनमें से बालक चंद्रगुप्त के बचपन को लेकर, उसकी वीरता और तीव्र बुद्धि को लेकर यह कहानी हमें इतिहास के उस पृष्ठ के बारे में बताती है।

पाठ का सार

बालक चंद्रगुप्त के पिता मगध के उस समय के राजा महापद्मनंद के अत्याचारों के शिकार थे। वे उस राज्य के सेनापति थे लेकिन नंद किसी बात पर उनसे नाराज़ हो गए और उन्हें बंदी बना लिया। अन्य मौर्यवंशियों पर भी नंद ने अत्याचार किए। चाणक्य ने बालक चंद्रगुप्त को अपनी उम्र के बच्चों के साथ खेलते समय पाया कि यह बालक औरों से अलग है। चाणक्य की सलाह मानकर चंद्रगुप्त की माँ ने उसे राजदरबार में भेज दिया। वहाँ बुद्धि परीक्षण के एक खेल में चंद्रगुप्त ने मोम के शेर को पिंजरे से बाहर निकाल दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि उसे गुरुकुल में जाकर शिक्षा पाने का अवसर मिला।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  टीवी सीरियल 'चाणक्य' और 'चंद्रगुप्त' के विषय में बच्चों से बात करें। उन सीरियलों में जो बातें बताई गई हैं, उनमें और इस कहानी में जो बातें चंद्रगुप्त के विषय में बताई गई हैं, उनमें अंतर बताएँ।

  पाठ का वाचन मौन भी और मुखर भी करवाएँ। मौन वाचन इसलिए कि बच्चों में ध्यानपूर्वक घटनाक्रम को समझने की आदत पड़े और मुखर इसलिए कि वे पाठ में आए शब्दों को उनके प्रयोग के हिसाब से पढ़ना-बोलना सीखें।

  'होनहार बीरवान के होत चिकने पात' वाली कहावत की ओर बच्चों का ध्यान आकृष्ट करें। विपरीत परिस्थितियों में भी बुद्धि व हिम्मत से काम लेने की आवश्यकता पर बल दें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - **ड/ड़** व **द्धि/द्‌धि** संबंधी अशुद्धियों पर विशेष ध्यान दें।
  - कई शब्द ऐसे हैं जिनमें 'ता' प्रत्यय लगाकर नये शब्द बनते हैं जिनमें से अधिकांश भाववाचक संज्ञा शब्द होते हैं। संज्ञा के भेदों की परिभाषा बताते हुए अभ्यास करने को कहें।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - मगध वर्तमान में बिहार का एक क्षेत्र है। इसके बारे में नक्शे का सहारा लिया जा सकता है।